संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार-अवन्तिका-पृष्ठ 05 दिनांक 24/01/2021

# स्वच्छता नियमों का पालन कर नागरिक शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत कचरा मुक्त स्थल पर वार्ड 34 के नागरिकों ने लिया शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प

**दैनिक अवंतिका ● रतलाम**

अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ सुंदर देखना हर कोई पसंद करता है, मगर इच्छाशक्ति के अभाव में सडकों पर कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहां-वहां बिखरे कचरे यही बयां कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरूरी है कि हम सभी स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए घरों में चार डस्टबिनों का उपयोग करें। गीला- सूखा कचरा इसके संग्रहण वाहन में ही डालें। अगर हम सब इन नियमों का पालन करेंगे तो शहर देश में नम्बर- 1 बन जाएगा।

शहर के वार्ड नम्बर 34 से हटाए गए कचरा स्थलों पर रांगोली निर्माण व दीपदान के दौरान उक्त संकल्प क्षेत्रीय रहवासियों ने लिया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कुड़ा केवल डोर टू डोर कुड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुमनि की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

अवन्तिका।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै० भास्कर – पृष्ठ 05 दिनांक 24/01/2021

## होर्डिंग लगाने पर प्रकरण दर्ज

रतलाम | शहर में विद्युत खंभों पर बगैर अनुमति के विज्ञापन होर्डिंग लगाने पर नगर निगम ने दो थानों पर रिपोर्ट दर्ज करवाई। जानकारी के अनुसार तीतरी की शुभम इंडस्ट्रीज द्वारा 15 जनवरी को कस्तूरबा नगर मेन रोड, सैलाना बस स्टैंड से बरवड़ तक, दो बत्ती से स्टेशन रोड, महू नीमच रोड, मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक क्षेत्र में विद्युत खंभों पर नगर निगम की अनुमति के बगैर विज्ञापन होर्डिंग लगाए थे। सूचना मिलने पर पंचनामा बनाकर राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर ने स्टेशन रोड और औद्योगिक क्षेत्र थाने पर आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम तथा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## 29 लोगों पर जुर्माना

रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान शनिवार को गंदगी फैलाने वाले 29 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया। इसमें मनीष चौहान, रजनीबाई, हरीश, समरथ पाटीदार, महावीर टेंट हाउस, किशोर, भारत इलेक्ट्रिक करमदी रोड, इब्राहिम चमारिया नाका पर 500 रुपए, रवि, आनंद शर्मा, सुरेश चमारिया नाका पर 300 रुपए, अजय महू रोड, शिवम् जावरा रोड पर 250 रुपए, मोहसिन चमारिया नाका, मोहम्मद इरशाद पर 200 रुपए, वैभव जैन, भावेश, लोकेश, चमारिया नाका, आदि अन्य शामिल हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै० भास्कर–पृष्ठ 07 दिनांक 24/01/2021

**कोरोना वैक्सीनेशन** • हर केंद्र पर 100 लोगों को टीका लगाएंगे, दो कर्मी हर सेंटर पर लगाए

# कल से सभी ब्लॉक में लगेगी वैक्सीन, एक दिन में 900 को लगा सकेंगे, रेलवे अस्पताल शामिल

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

कोरोना वैक्सीनेशन में तेजी आने वाली है। अब तक एक दिन में 200 लोगों को ही टीके लगाए जा रहे थे, लेकिन अब एक दिन में 900 लोगों को टीके लगाए जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि, अब 2 की जगह 9 टीकाकरण केंद्र बना दिए गए हैं।

अभी जिले में सिर्फ फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन लगाई जा रही है। अब तक सिर्फ मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में ही टीकाकरण हो रहा था। लेकिन, अब शहर में रेलवे अस्पताल के साथ ही ब्लॉक में भी टीकाकरण होगा। रेलवे अस्पताल, जावरा, आलोट, सैलाना, पिपलौदा, नामली और बाजना में वैक्सीनेशन को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। शनिवार को सभी ब्लॉक के लिए टीमों का गठन किया है। हर सेंटर पर पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। इनमें वैक्सीनेटर ऑफिसर, वैक्सीनेशन ऑफिसर, ऑब्जर्वेशन रूम इनचार्ज रहेंगे। हर सेंटर पर दो अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगी है। एक केंद्र पर 100 लोगों को वैक्सीन लगेगी।

## 16 जनवरी से हुई शुरुआत, अभी तक दो केंद्रों पर ही लग रहा था टीका

**अब तक 381 लोगों को लगा टीका** - जिले में अब तक 381 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। 16 जनवरी से वैक्सीन की शुरुआत हुई थी। पहले दिन 103, दूसरे दिन 113, तीसरे दिन 115, चौथे दिन 50 लोगों को वैक्सीन लगी थी। हालांकि अब तक दो केंद्रों पर ही टीकाकरण हो रहा था। इसमें डॉक्टरों की टीकाकरण दर 95% है।

**शनिवार को सिर्फ एक संक्रमित मिला** - जिले में कोरोना पॉजिटिव लगातार कम होते जा रहे हैं। शनिवार को सिर्फ तेजानगर निवासी एक 60 साल के बुजुर्ग की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। अभी तक 331 सैंपलों की जांच की गई। जिले में वर्तमान में सिर्फ 77 एक्टिव केस ही बचे हैं। 139 मरीजों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

**96% पर पहुंचा रिकवरी रेट** - इधर, रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को यह 96.34% पर पहुंच गया। कोरोना काल के 9 महीनों में यह अब तक की बेहतर स्थिति है। दिसंबर से रिकवरी रेट बढ़ने की शुरुआत हो गई थी। इससे पहले यह 90% से भी कम था। सितंबर व अक्टूबर के महीने में रिकवरी रेट 50% के करीब भी पहुंच चुका था। कम पॉजिटिव मिलने के कारण ही रिकवरी रेट तेजी से बढ़ रहा है।

24/01/21

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह 25 जनवरी को

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 11 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 25 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का वाचन, शपथ ग्रहण, अतिथि उद्बोधन तथा ईपिक वितरण होगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह 25 को

रतलाम. भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 11 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का वाचन, शपथ ग्रहण, अतिथि उद्बोधन तथा ईपिक वितरण होगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह कल

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर 11 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 25 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का वाचन, शपथ ग्रहण, अतिथि संबोधन तथा ईपिक वितरण होगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 03 दिनांक 24/01/2021

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2021** अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन भी लेंगे भाग

# आज साइकिल रैली निकालकर देंगे स्वच्छता का संदेश

**रतलाम।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम में रविवार को साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली में साइकिल सवार नगरवासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान करेंगे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ रतलाम साइकिल रैली का आयोजन कलेक्टर व निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और एसपी गौरव तिवारी के आतिथ्य और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जा रहा है।

रैली रविवार सुबह 8.30 बजे दो बत्ती से शुरू होकर छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कॉलेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाजखाना, तोपखाना, नीमचौक, लौहार रोड, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेंद्र टाकीज, न्यू रोड से होते हुए पुनः दो बत्ती पहुंचेगी। इस दौरान आमजन से शहर को स्वच्छ रखने की अपील की जाएगी।



वार्ड क्रमांक-34 के नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए मांगीलाल जैन। •नईदुनिया

### गणमान्य नागरिकों ने लिया सफाई का संकल्प

शहर को साफ रखना केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। इसके लिए कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर दीपदान किया।

### गंदगी करने पर 29 व्यक्तियों पर जुर्माना

दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालने वालों पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे लोगों पर नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। गंदगी करने पर मनीष चौहान, रजनीबाई, हरीश, समरथ पाटीदार, श्री महावीर टेन्ट हाउस, किशोर, भारत इलेक्ट्रीक करमदी रोड, इब्राहिम चमारिया नाका पर 500-500, रवि, आनंद शर्मा, सुरेश चमारिया नाका पर 300-300, अजय महू रोड, शिवम जावरा रोड पर 250-250, मोहसिन करमदी नाका, मोहम्मद अरशाद पर 200-200, वैभव जैन, भावेश, लोकेश, करमदी नाका, संजू कालिका माता रोड पर 100-100, कुलदीप, छोटू पानी पतासा, बालाजी चाट सेंटर, नरेश, बबलू, रवी पाल, भूपेंद्र, अशोक, प्रकाश व सुनील कालिका माता रोड पर 50-50 रुपये का स्पॉट फाइन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन किया गया।

जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

### शहर को सुंदर बनाना है

स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत कचरा मुक्त स्थल पर वार्ड 34 के नागरिकों ने वार्ड और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। वार्ड से हटाए गए कचरा स्थलों पर रंगोली निर्माण व दीपदान के दौरान उक्त संकल्प क्षेत्रीय रहवासियों ने लिया। यहां स्वच्छता संकल्प समाजसेवी मांगीलाल जैन ने दिलाया।

नईदुनिया

आयुक्त के साथ अमले ने पहुंचकर रुकवाया काम

# बिना अनुमति बड़े पैमाने पर हो रहा था निर्माण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





रतलाम. शहर के होमगार्ड कॉलोनी के समीप बन रही एक कॉलोनी में बड़े पैमाने पर आवास निर्माण बिना अनुमति होने की सूचना के बाद नगर निगम आयुक्त ने दलबल के साथ पहुंचकर शनिवार देर शाम काम रुकवाया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सूचना मिली थी निजी कॉलोनी में बिना अनुमति निर्माण कार्य मजहर पिता असलम कर रहा है। इसके बाद देर शाम को आयुक्त दलबल के साथ पहुंचे व मजहर से निर्माण से जुड़े दस्तावेज मांगे तो वो दिखा नहीं पाया। मजहर ने आयुक्त को बताया कि उसने विभागों से डायवर्शन कराया है व उसी के बाद निर्माण कर रहा है। इसके बाद निर्माण सामग्री को जप्त किया गया व मजहर को अनुमति लेकर ही निर्माण करने की चेतावनी दी गई। पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ...1... दिनांक....24/01/2021

# जमीन का डायवर्शन कराकर बेच दिए प्लॉट, आयुक्त ने रुकवाया काम

## कॉलोनी में करीब दस मकानों का हो रहा निर्माण, निगम से अनुमति भी नहीं ली

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। होमगार्ड कॉलोनी के समीप जमीन का डायवर्शन कराकर नगर निगम से विकास अनुमति लिए बगैर प्लाट बेचने पर निगम प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मकानों के निर्माण का कार्य रुकवा दिया है। भूमि स्वामी को निगम से विधिवत अनुमति लेकर ही काम करने की चेतावनी भी दी गई है।



होमगार्ड कॉलोनी के समीप कार्रवाई करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया। ● नईदुनिया

होमगार्ड कॉलोनी क्षेत्र में एक विकसित कॉलोनी के पास सर्वे क्रमांक 283/2 की जमीन पर सिर्फ डायवर्शन कराकर ही प्लाट बेचे जाने व भवन निर्माण की सूचना निगम प्रशासन को मिली थी। इस पर निगम से सप्ताह भर पहले भूमि स्वामी अजहर पुत्र असलम खान को नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी होने के

बाद भी काम नहीं रुकने पर शनिवार शाम करीब सात बजे निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी व अन्य अमला मौके पर पहुंचा। आयुक्त ने निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर, सामग्री जब्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर आए लोगों ने कॉलोनी विकसित होने का दावा किया, लेकिन दस्तावेज मांगे जाने पर नहीं दिखा पाए। आयुक्त ने पंचनामा बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना मिलने पर सीएसपी हेमंत चौहान, टीआइ स्टेशन रोड किशोर पाटनवाला भी पहुंचे। तब तक ट्रैक्टर आदि जा चुके थे। मौके पर अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेकर उपयोग किया जा रहा था। सूचना पर बिजली कंपनी का अमला मौके पर पहुंचा और पंचनामा बनाया। आयुक्त ने बताया कि करीब दस मकानों का काम चल रहा था। निर्माण रुकवा दिया है। भूमि स्वामी को नगर व ग्राम निवेश विभाग व नगर निगम से विकास अनुमति नियमानुसार लेना होगी। तब तक काम प्रारंभ नहीं होगा। किया गया निर्माण भी हटाने के निर्देश दिए हैं।

### कई जगह अवैध व अविकसित कॉलोनियों का निर्माण


शहर व रतलाम ग्रामीण की सीमा में जमीन डायवर्शन कराकर बीच में सड़क बनाकर पांच हजार वर्गफीट से बड़े भूखंड बेचे जा रहे हैं। दरअसल नगर व ग्राम निवेश विभाग से ले-आउट पास कराने में कॉलोनी में पानी की टंकी, उद्यान, सीवरेज सहित अन्य सभी सुविधाओं के लिए प्रविधान करना पड़ते हैं। नगर निगम से अनुमति के लिए विकास राशि, आश्रय निधि भी जमा कराना पड़ती है। इससे बचने के लिए डायवर्शन भूमि पर बड़े भूखंड बेचे जाने में नियमों की आड़ में कॉलोनी विकसित की जा रही है।

नईदुनिया

# बिना अनुमति बन रही थी अवैध कॉलोनी, निगम ने रुकवाया काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती के बावजूद होमगार्ड कॉलोनी रोड पर मोहम्मद अजहर पिता असलम खान सर्वे नंबर 283/2 पर अवैध कॉलोनी बना रहा था। शनिवार को नगर निगम ने काम रुकवाया। शिकायत मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया निरीक्षण करने पहुंचे तो पता चला कि नवकार रेसीडेंसी के पास अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। इतना ही नहीं कॉलोनी में 10 से 12 मकानों के कॉलम फाउंडेशन लेवल तक डाल दिए गए थे। आयुक्त ने सीएसपी हेमंत चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला की मौजूदगी में पंचनामा बनाया। साथ ही कॉलोनाइजर को काम बंद करके निर्माण कार्य हटाकर जमीन का समतलीकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया नोटिस देने के बावजूद कॉलोनाइजर ने काम बंद नहीं किया था। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करते आयुक्त झारिया व अन्य अधिकारी।